पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लागू लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा की

सील किए गए सभी हॉटस्पाट क्षेत्रों में मेडिकल, सेनिटाइजेशन व डोर स्टेप डिलीवरी टीमों का आवागमन ही अनुमन्य : मुख्यमंत्री

सील किए गए इलाकों के निवासियों को आवश्यक वस्तुएं सुलभ कराने के लिए डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जाए

हॉटस्पाट क्षेत्रों को सेक्टरवार विभाजित करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए

सील किए गए क्षेत्रों में सर्विलांस गतिविधियों को बढ़ाए जाने के निर्देश

सभी राजकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध वेन्टिलेटर्स का ऑडिट करा लिया जाए

प्रदेश में क्वारेंटाइन किए गए सभी व्यक्तियों से सी0एम0 हेल्प लाइन '1076' के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली जाए

घर से बाहर निकलने पर हर व्यक्ति द्वारा फेस कवर/मास्क का प्रयोग अथवा चेहरे को कपड़े, रुमाल, गमछा, दुपट्टा से ढके जाने को अनिवार्य करने सम्बन्धी आदेश एवं हर व्यक्ति 'आरोग्य सेतु' मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपने को सुरक्षित रखें, इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए

लखनऊ : 09 अप्रैल, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि सील किए गए सभी कोरोना प्रभावित हॉटस्पाट क्षेत्रों में मेडिकल, सेनिटाइजेशन व डोर स्टेप डिलीवरी टीमों का आवागमन ही अनुमन्य होगा। उन्होंने कहा है कि हॉटस्पाट क्षेत्रों को सेक्टरवार विभाजित करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। उन्होंने सील किए गए क्षेत्रों में सर्विलांस गतिविधियों को बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में लागू लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हॉटस्पाट क्षेत्रों में मेडिकल टीम द्वारा घर–घर जाकर गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। सेनिटाइजेशन टीम द्वारा पूरे इलाके में सघन रूप से स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि हॉटस्पाट क्षेत्रों में सभी तरह के प्रतिष्ठान पूर्णतया बन्द रहेंगे। इसलिए इन इलाकों के निवासियों को आवश्यक वस्तुएं सुलभ कराने के लिए डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि सभी राजकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध वेन्टिलेटर्स का ऑडिट करा लिया जाए। सभी वेन्टिलेटर्स को क्रियाशील स्थिति में रखा जाए। पी0पी0ई0 किट, इन्फ्रारेड थर्मामीटर, आइसोलेशन बेड, क्वारेंटाइन बेड, सेनिटाइजर, एन–95 मास्क, ट्रिपल लेयर मास्क आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में क्वारेंटाइन किए गए सभी व्यक्तियों से सी0एम0 हेल्प लाइन '1076' के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली जाए। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलने पर हर व्यक्ति द्वारा फेस कवर/मास्क का प्रयोग अथवा चेहरे को कपड़े, रुमाल, गमछा, दुपट्टा से ढके जाने को अनिवार्य करने सम्बन्धी आदेश एवं हर व्यक्ति 'आरोग्य सेतु' मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपने को सुरक्षित रखें, इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने नगर निकायों, पंचायत संस्थाओं, जल निगम, फायर ब्रिगेड तथा अन्य सभी संस्थाओं के वाहनों से प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन रूप से स्वच्छता/सेनिटाइजेशन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोविड–19 के बचाव व उपचार में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों जैसे पी0पी0ई0 किट, वेन्टिलेटर, ट्रिपल लेयर मास्क, एन–95 मास्क के निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में इन उपकरणों का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना तथा राज्य सरकार द्वारा गरीबों के भरण–पोषण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को शीघ्रता से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न राज्यों में निवास कर रहे प्रदेशवासियों को सुविधाएं सुलभ कराने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान प्रदेशवासियों को सुविधाएं सुलभ कराने के लिए गठित 11 कमेटियों के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे सौंपे गए कार्यों की अपने स्तर से नियमित समीक्षा करें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव कुमार मित्तल, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा श्रीमती रेणुका कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल एवं श्री संजय प्रसाद, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————

PN-CM-Lockdown Review Meeting- 09 April, 2020.doc